प्रतिक्रिया / Feedback

विज्ञान प्रकाश पत्रिका हमारे देश की पहली हिंदी पत्रिका है जो विज्ञान तथा तकनीकी के क्षेत्र में उभरते नए शोधों को हिंदी में प्रकाशित करती है। यह पत्रिका अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शोध पत्रों के प्रकाशन की गुणवत्ता तथा मापदंडो को बनाये हुए है। भारत की नई शिक्षा नीति–2020 के अनुसार, तकनीकी तथा अभियांत्रिकी की पढ़ाई हिंदी भाषा में शुरू हो गई है। अतः विज्ञान प्रकाश पत्रिका हिंदी भाषी शोधार्थियों के लिए बहुत मददगार साबित होगी। इस प्रत्रिका के शोध पत्रों में विज्ञान, तकनीकी तथा अभियांत्रिकी के क्षेत्र में मशीन लर्निंग तथा कृत्रिम बुद्धिमता जैसे नए उभरते हुए शोध शामिल है। समीक्षकों से मिलने वाली प्रतिक्रियाओं से हमारे द्वारा लिखे गए शोध पत्र में काफी सुधार हुआ है। यह शोध पत्र किसी भी महामारी के प्रकोप के अध्ययन में बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। हम अपने शब्दों में कह सकते है कि विज्ञान प्रकाश पत्रिका नई शिक्षा नीति–2020 को सही दिशा प्रदान कर रही है। विज्ञान प्रकाश पत्रिका के सम्पादक मंडल को हमारी तरफ से बहुत सारी शुभकामनाएं।

Author: Dr. Ramjeet Singh Yadav, Dept of Computer Application, Faculty of Commerce and Management, Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya-221004, UP. ramjeetsinghy@gmail.com

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुमोदित यू जी सी केयर सूची में नामांकित शोध पत्रिका विज्ञान प्रकाश में शोध पत्र के संभावित प्रकाशन के लिए प्रेषित किये जाने से लेकर शोध पत्र के प्रकाशन किये जाने तक की यात्रा अत्यंत रोचक रही। प्रस्तुत शोध पत्र की अत्यंत सुधि समीक्षकों से गहन समीक्षा करवाई गई। समीक्षा का स्तर कई नामचीन अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में शोध पत्रों की समीक्षा के समान ही रहा । न्यूनतम संभव समय में पूर्ण गुणवत्ता के साथ शोध आलेख का प्रकाशन हो सके इसके लिए समीक्षा समन्वयक की तत्परता एवं क्रियाशीलता सराहनीय है। प्रधान सम्पादक महोदय द्वारा समय–समय पर उत्साहवर्धन व शोध पत्र को परिमार्जित किये जाने हेतु दिए गए सुझावों हेतु उनका आभार व्यक्त करता हूँ। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली ने भी अपने अधीनस्थ सभी महाविद्यालयों एवं समस्त तकनीकी संस्थानों में हिंदी भाषा में विज्ञान एवं तकनीकी विषयों में शोध पत्रों को विज्ञान प्रकाश शोध पत्रिका में प्रकाशित किये जाने हेतु निर्देशित किया है।

Author: Vijay Raj Singh Shekhawat, Research Scholar, S, P. C. Govt. College, Ajmer-305004. vjcstt@gmail.com

मेरे काम को मौका देने के लिए मैं विज्ञान प्रकाश पत्रिका की पूरी टीम को धन्यवाद देना चाहती हूं। मैंने मई 2022 के महीने में अपना शोध कार्य पत्र जमा करने के साथ अपनी यात्रा शुरू की। मैं अपने काम को अपनी मूल भाषा में प्रकाशित करना चाहती थी। इस पत्रिका ने मुझे ऐसा करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान किया। पत्रिका के सदस्यों द्वारा मुझे अपने काम को बेहतर बनाने के लिए बहुमूल्य सुझाव और सुधार दिए गए। मैंने उन सुझावों को शामिल किया, जिनसे मुझे एक उच्च गुणवत्ता वाला शोध पत्र तैयार करने में मदद मिली। मैंने अलग–अलग फाइलों को शामिल किया जैसा कहा गया था। मुझे अपने काम को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रेरणा और प्रतिक्रिया मिली। इस पत्रिका ने मुझे लोगों को अपना काम दिखाने के लिए एक मंच प्रदान किया। मुझे अपने शोध पत्र को अपनी मूल भाषा में प्रकाशित करने में बहुत खुशी हो रही है। अपने शोध पत्र को बेहतर बनाने के लिए मुझे जो सुझाव मिले हैं, वे मुझे अन्य लेखों के विकास में भी मदद करेंगे। मैं अपने सहयोगियों को सूचित करना चाहती हूं कि वे इस पत्रिका में अपना काम प्रकाशित करें। मैं एक बार फिर इस पत्रिका से जुड़े सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं। मुझे अपना कीमती समय और सुझाव देने के लिए मैं टीम का आभारी हूं। उन्होंने लोगों को मेरा काम दिखाने में मेरी मदद की। मैं चाहती हूं कि यह पत्रिका भारत के साथ–साथ अन्य देशों में भी लोकप्रिय हो।

Author: Niharika Agrawal, ,Electrical and Electronics Engineering Department, Ghousia College of Engineering, Visvesvaraya Technological University,Ramanagaram, Karnataka 562159. niharika.svits@sgmail.com

Vision: High-Tech research to reach out widely promoting inclusive innovation and entrepreneurship

Mission: Publication of quality research articles in Hindi in *Sciences* (Physics, Chemistry, Mathematics, Bio-science, Medical Science, AYUSH, Management Science, Agriculture and Environment), *Engineering* and *Technology*, and promoting creative ideas for innovation, incubation and entrepreneurship.

Submission: Title, Author affiliation, abstract and keywords be in both Hindi and English, and references as they are originally referred to. Overview Articles and research papers must be **original without plagiarism**. Authors need to mention three or more subject experts also from different institutions to review the submitted article. Articles may be submitted to Editor@VigyanPrakash.in